हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

10 आयुनिक कृषि तकनीक से अवगत हुए किसान



12 गणेश पंडालों में स्थापित मनोहारी झांकियां ...



प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2025-26
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed | BCA | PGDCA
DCA | B.P.Ed. | B.P.E.S
B.COM | B.Sc [CS/IT]
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

वाहन चालक उदासीन, कार्रवाई भी नहीं

# अब तक नहीं लग पाई पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वाहन चालकों की उदासीनता के चलते अब तक सभी पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लग पाई है। शुरूआती दौर में लोगों ने हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाई भी लेकिन अब इक्का दुक्का वाहन चालक ही नम्बर प्लेट लगवा रहे हैं। वहीं जिस कम्पनी को नम्बर प्लेट लगाने का जिम्मा दिया गया है, वह भी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

वाहन चोरी जैसी घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। इसके साथ ही वाहनों की नम्बर प्लेट बदलकर कई प्रकार के अपराधों को अंजाम दिया जाता है। इन अपराधों में कमी लाने के लिए शासन ने सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2019 के बाद सभी नए वाहनों में इस प्रकार की नम्बर प्लेट लगाई जा रही है लेकिन इससे पहले के वाहनों में सामान्य नम्बर प्लेट ही लगी थी। शासन के निर्देश पर वाहन चालकों से एक निर्धारित शुल्क लेकर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाई जा रही है। जिले में पुराने वाहनों में इस नम्बर प्लेट को लगाने के लिए एक कम्पनी को जिम्मा दिया गया है। जिन पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगी है, उन वाहनों का चिन्हांकित कर नम्बर प्लेट लगाई जा रही है। विडंबना यह है कि हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने की स्पीड काफी धीमी है। जिसके चलते अब तक 25-30 प्रतिशत पुराने वाहनों में ही हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाई जा सकी है।



### जागरूक नहीं वाहन चालक

हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने की जिम्मेदारी वाहन चालकों की है लेकिन वाहन चालक इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं, जिसके चलते नम्बर प्लेट लगाने की रफ्तार धीमी पड़ गई है। शुरूआती दौर में वाहन चालकों ने इस ओर ध्यान दिया, लेकिन एक दो वाहन चालक ही हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवा रहे हैं। उधर इस मामले में जागरूक लोगों का कहना है कि पब्लिक में जागरूकता होनी चाहिए। साथ ही प्रशासन को भी सख्त कदम उठाना चाहिए। हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगे वाहनों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई भी नहीं हो रही है।

### 80 हजार वाहनों में लगेगी नम्बर प्लेट

एक जानकारी के अनुसार जिले में करीब 2 लाख 34 हजार वाहन पंजीकृत हैं। इसमें ट्रक, मेटाडोर, बस, जीप, कार, मोटर साइकिल सहित सभी प्रकार के वाहन शामिल हैं। इन वाहनों में डेढ़ लाख से ज्यादा वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगी हुई है। ये वाहन 2019 के बाद खरीदे गए हैं। करीब 80 हजार वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगी है। इन्हीं वाहनों में नम्बर प्लेट लगाई जा रही है। अनुमान के अनुसार इनमें से करीब 20 हजार वाहनों हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाई जा चुकी है। अभी भी बड़ी संख्या में वाहनों में नम्बर प्लेट लगाना बाकी है।

# नाती ने नानी को पीट-पीटकर मार डाला, मां को किया अधमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- बठेनापारा की घटना, आरोपी गिरफ्तार

मामूली बात को लेकर एक सिरफिरे युवक ने अपनी नानी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। वहीं अपनी मां को भी मार-मारकर अधमरा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पूर्णिमा ध्रुव पति दयाराम उम्र 45 वर्ष अंतागढ़ कोलर निवासी अपने बेटे लोमन ध्रुव उम्र 21 वर्ष व बेटी के साथ बीते तीन वर्ष से अपने मायके बठेनापारा में अपनी मां लखंतीन ध्रुव उम्र 56 वर्ष के साथ रह रही थी। वह अपनी मां के साथ मिल में मजदूरी करने जाती है। उसका बेटा लोमन मिर्गी बीमारी से पीड़ित है जिसके कारण युवक काम पर नहीं जाता है। सोमवार की रात्रि युवक, उसकी मां व नानी घर पर थे। इसी दौरान युवक ने पैसों की मांग की जिस पर मां व नानी ने मना कर दिया। पैसा नहीं देने की बात पर वह अपनी नानी व मां पर चिल्लाने लगा। धीरे-धीरे विवाद बढ़ता चला गया। लोमन ध्रुव आक्रोश में आकर घर में रखी लकड़ी के बत्ते से अपनी नानी पर ताबड़तोड़ हमला करने लगा। इस हमले में नानी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह देख पूर्णिमा बीच-बचाव करने लगी। गुस्से से तमतमाये युवक ने अपनी मां पूर्णिमा की भी बेदम पिटाई कर दी। घटना में पूर्णिमा भी गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख-पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जहां मां-बेटी बेसुध जमीन पर पड़ी हुई थी। दोनों को उपचार के लिये तत्काल जिला अस्पताल लाया गया जहां वृद्धा की इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घायल पूर्णिमा का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है। उसका उपचार जारी है।

पिटाई से गंभीर रूप से घायल नानी व मां को उपचार के लिये मोहल्लेवासी अस्पताल ले गये। वहीं लोमन ध्रुव उसी घर में बड़े आराम से सो रहा था। सूचना पर रात्रि में ही कोतवाली पुलिस उसके घर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी लोमन ध्रुव उर्फ गोलू पिता दयाराम को धारा 103(1), 109(1) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



मृतक नानी



घायल मां



गिरफ्तार आरोपी लोमन

## खबर संक्षेप

### कॉम्पटेक कालेज में रिक्त सीटों पर प्रवेश 5 तक

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर में बीएससी, बीकॉम, बीसीए एवं पीजीडीसीए पाठ्यक्रम में कुछ सीटें रिक्त है जिन पर इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रवेश प्राप्त ले सकते हैं। मार्कशीट, आधार, फोटो, टीसी, जाति निवास, बैंक पास बुक की प्रति के साथ कॉलेज में 5 सितम्बर तक प्रातः 10:30 से 2 बजे के मध्य उपस्थित हो सकते हैं। सभी पात्र विद्यार्थियों को शासन की छात्रवृत्ति योजना का लाभ भी प्राप्त होगा। 12वीं पास विद्यार्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

### पेंशनरों की मासिक बैठक 5 को

**मगरलोड।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा मगरलोड का मासिक बैठक 5 सितम्बर शुक्रवार को 11 बजे स्थानीय कार्यालय मगरलोड में आयोजित की गई है। इस दौरान शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन होगा। सितम्बर माह में जन्मदिवस वाले पेंशनरों का जन्मदिवस मनाया जाएगा। सभी पेंशनरों का सम्मान भी होगा। पेंशनर संघ मगरलोड के अध्यक्ष एनआर साहू व कार्यालय प्रभारी कोमलसिंह साहू ने सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### भैंसमुंडी में विश्वकर्मा जयंती 17 को

**मगरलोड।** राज मिस्त्री संघ, बढ़ाई, कारपेंटर समिति नगर पंचायत भैंसमुंडी मगरलोड के तत्वावधान में विश्वकर्मा जयंती 17 सितंबर बुधवार को मनाई जाएगी। रात्रि में जय अंबे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी नीचेकोहड़ा अंबागढ़ चौकी जिला मोहेला मानपुर की प्रस्तुति होगी।

### पीएमश्री स्कूल कुरूद में प्रवेश के लिए आवेदन 4 तक

**धमतरी।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं (कला संकाय) के रिक्त दो सीट (ओपन कोटा) से प्रवेश के लिए 4 सितम्बर तक पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद में सुबह साढ़े 9 से शाम 5 बजे तक आमंत्रित किए गए हैं। नियम एवं शर्तों की जानकारी देते हुए जिला शिक्षाधिकारी ने बताया कि छग राज्य का निवास व छग राज्य के अधीनस्थ बोर्ड से कक्षा 10वीं पास किया हो। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं पास किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण हो और जन्मतिथि 1 मई 2008 से 31 जुलाई 2010 (दोनों तिथि सहित) हो, वे आवेदन के लिए पात्र होंगे। चयन प्रक्रिया कक्षा 10वीं के प्राप्त अंक के मेरिट के आधार पर होगा। जिला शिक्षाधिकारी ने सभी शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित कि है कि वे जवाहर नवोदन विद्यालयों में कक्षा 11वीं कक्षा संकाय प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं को सूचित करें।

# प्राथमिकता के आधार पर 5 हजार शिक्षकों की होगी भर्ती

- शिक्षा गुणवत्ता के लिए 20 बिंदुओं का सर्कुलर जारी
- डीओ, बीईओ, संकुल समन्वयक लेंगे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मंगलवार को शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रथम धमतरी आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेताओं तथा यादव समाज ने मंत्री को यादव समाज की पारंपरिक पोशाक खुमरी पहनाकर स्वागत किया। 11:30 बजे मंत्री के आगमन की सूचना के बाद पीडब्लूडी विश्रामगृह में हलचल तेज हो गई। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित यादव समाज ने पदाधिकारी एकत्रित होने लगे। स्काउट एवं गाइड की टीम भी उनके स्वागत के लिए हल्की बारिश में भीगते दिखी। मंत्री को गॉड आफ ऑनर की सलामी ली गई। प्रशासन के आला अधिकारी, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा तथा एसपी सूरज सिंह परिहार मंत्री के आगमन से 15 मिनट पहले रेस्ट हाउस पहुंच गए थे। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव पहले विंध्यवासिनी माता की पूजा करने के बाद करीब 1 बजे विश्राम गृह पहुंचे। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं



विद्यार्थी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने रेस्ट हाउस में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि शिक्षा विभाग महत्वपूर्ण विभाग है। लाखों बच्चे हैं। पिछली सरकार ने अंधाधुंध ट्रांसफर किया जहां शिक्षक की जरूरत थी वहां के शिक्षकों को शिक्षक वाले स्कूलों में भेज दिया। युक्तियुक्तकरण में प्राथमिकता के आधार पर 5000 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। अब तक स्कूलों में पुस्तकें नहीं बंट पाने के सवाल पर उनका कहना था कि पूर्व में पुस्तक छपाई में हुई अनियमितता के कारण नियम बदला गया है। निजी विद्यालयों में स्केनर के लिए बार कोड जारी किया गया। कुछ स्कूलों में दिक्कतें हुई हैं।

इंग्लिश में चाचा-चाची पढ़ाने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि सरकार ने शिक्षा गुणवत्ता को लेकर 20 बिंदुओं पर सवाल जारी किया है। संबंधित स्कूलों की डीईओ, बीईओ, स्कूल समन्वयक मॉनिटरिंग करेंगे। इंग्लिश स्कूल से पढ़कर निकलने वाले छात्रों के लिए इंग्लिश कॉलेज पर कहा कि इंग्लिश की पढ़ाई तक का पार्ट है। वह दुर्ग में रहते हैं। निजी कॉलेज हो सकता है। पर्टीकुलर नहीं बोल सकते। मंत्री ने बताया कि जब मंत्री बनकर आए तब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमने 1222 व्याख्याताओं को प्रमोशन दिया। कोर्ट मामले को भी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा विभाग में चपरासी भर्ती फीस के मामले में जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई करने की बात कही।

### बंद कमरे में हुई प्रशासनिक चर्चा



शिक्षा मंत्री श्री यादव ने रेस्ट हाउस के बंद कमरे में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसपी सूरज सिंह परिहार, शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर महापौर रामू रोहरा, जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा, पूर्व विधायकद्वय श्रीमती रंजना साहू, इंदर चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस मौजूद थे। मंत्री गजेन्द्र यादव के आगमन पर रेस्ट हाउस में पुलिस जवानों ने गार्ड आफ ऑनर की नीलामी दी। यादव समाज के प्रमुखगणों ने यादव समाज की पारंपरिक वेशभूषा खुमरी पहनाकर स्वागत किया। स्काउट गाइड के शिक्षक, बच्चे एवं पदाधिकारियों ने स्काउट गाइड की रीति के अनुसार अभिनंदन किया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, डीपेन्द्र साहू, इंदरचंद चोपड़ा, जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, राजेश साहू, चेतन हिन्दूजा, निर्मल बरड़िया, रामलखन गजेन्द्र, प्रताप राव कृदत्त, सभापति कौशिल्या देवांगन, पार्षद मेघराज ठाकुर, अज्जु देशलहरे, चंद्रभागा साहू, विभा चंद्राकर, कुलेश सोनी, हिमानी साहू, पिंटू यादव, जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन, आमदी नपं अध्यक्ष ज्योति साहू, यादव समाज अध्यक्ष घनश्याम यादव, भगत यादव, कोमल साहू, मुरारी यदु, अनीता यादव, मोहन यादव, हेमराज सोनी, रितिका यादव, दीपक ठाकुर, कोमल सार्वा, हेमंत चंद्राकर, विजय साहू, भारत स्काउट गाइड, जिला संघ धमतरी अध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू, पूर्व अध्यक्ष विनोद पांडेय, डीओसी नेमलाल गंगेले, जीवन लाल साहू, शशि बंछोर, हिना भेसले, मंजूषा साहू, सोहन यदु, रजनी जगताप समेत टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष भूषण चंद्राकर के अलावा विभिन्न शिक्षक संगठन ने मुलाकात कर मंत्री का स्वागत किया।

# पॉलीटेक्निक कॉलेज स्टाफ ने शुरू की बेमुद्दत हड़ताल



- प्राचार्य को हटाने और निलंबित कर्मचारियों को बहाल करने की मांग


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य के खिलाफ कर्मचारियों का मोर्चा जारी है। मंगलवार को उन्होंने रूद्री के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजा पाठ कर अनिश्चितकालीन आंदोलन का आगाज किया। जब तक प्राचार्य को नहीं हटाया जाता है, उनका यह आंदोलन जारी रहेगा।

रूद्री स्थित भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य पर तानाशाही और अभद्रता का आरोप लगाते हुए पालीटेक्निक कॉलेज के कर्मचारियों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। पहले दिन उन्होंने एक दिवसीय प्रदर्शन कर चेतावनी दी थी। मांग पूरी नहीं होने पर मंगलवार से वे काम बंद कर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने बताया कि प्राचार्य की अभद्रता और तानाशाही से वे परेशान हो चुके हैं। दो कर्मचारियों को बिना कारण ही गलत तरीके से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जब तक प्राचार्य को हटाया नहीं जाता और दोनों कर्मचारियों का निलंबन निरस्त नहीं किया जाता है, वे आंदोलन पर रहेंगे। कॉलेज के व्याख्याता संदीप सिंह ने बताया कि इस संबंध में मंत्री खुशवंत साहेब से दूरभाष पर चर्चा हुई। उन्होंने आश्वासन दिया है कि उनकी मांगें पूरी कर दी जाएगी। फेडरेशन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि हड़ताल की अवधि में विद्यार्थियों की पढ़ाई-लिखाई को हुई क्षति की भरपाई के लिए अवकाश के दिनों में कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

# लापता वृद्धा का शव तालाब में मिला

**धमतरी।** रात्रि में शौच जाने के लिए घर से निकली वृद्ध महिला का शव दूसरे दिन गांव के तालाब में पाया गया। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी निवासी रूक्मणि देवांगन पति दूजराम उम्र 65 वर्ष सोमवार की रात्रि लगभग 11 बजे शौच जाने के लिए घर से निकली थी, जो रात में वापस नहीं लौटी। वृद्धा के नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरु कर आसपास व रिश्तेदारों से पूछताछ की लेकिन वृद्धा का पता नहीं चल पाया। मंगलवार की सुबह गांव के कुछ युवकों ने कुम्हार तालाब के पानी में एक महिला का शव देख गांव व पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। मृतिका की पहचान रुक्मणि देवांगन के रूप में की गई। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। वरदान संस्था के शिवा प्रधान और डुमन साहू ने एंबुलेंस से शव को मर्च्यूरी पहुंचाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



### नौकरी से हटाए जाने से पूरा परिवार आहत

**धमतरी।** स्वच्छता कमांडो की नौकरी से निकाले जाने से परेशान नरेन्द्र गौतम ने फिर से नौकरी पर रखने की मांग नगर निगम आयुक्त से की है। श्री गौतम ने बताया कि वह नगर निगम में ईमानदारी से स्वच्छता कमांडो का काम कर रहा था। 5 सितंबर 2020 को स्वच्छता अधिकारी ने उसे नौकरी से निकाल दिया। इससे उसे और उसके परिवार को जीवन निर्वहन में दिक्कत आ रही है। उसने बताया कि नगर निगम से और 12 स्वच्छता कमांडो को हटाया गया था। सभी को नौकरी में फिर से रख लिया गया है लेकिन उसे नौकरी वापस नहीं दी गई है।



### एनएचएम कर्मचारी संघ ने शिक्षामंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में डा. प्रीति चांडक, डा. मेघराज, दिव्या साहू आदि एनएचएम कर्मचारियों ने संविलयन, जॉब सुरक्षा, पब्लिक हेल्थ कैंडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्य मूल्यांकन पद्धति में सुधार, लंबित 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल तथा अन्य अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख का चिकित्सा बीमा का मांग पत्र सौंपा है। इस अवसर पर लता साहू, पूनम सहारे, रंजना यादव, मनीषा सिन्हा, दुर्गा सिन्हा, कुलेश्वरी नागरची, चंद्रा मैत्रे, नारायणलाल, तिजेंद्र साहू, केशव साहू, नीलमणि साहू, निलेश गुप्ता, लक्ष्मीकांत भोसले, युवराज देवांगन, लोकेश सिन्हा, गिरीश देवांगन, खेमराज साहू , भूपेंद्र देवांगन मौजूद थे।

कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली अपनाने पर दिया जोर

# फाइलें ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही भेजी जाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बैठक में कहा कि अब सभी शासकीय पत्राचार एवं फाइलें केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही भेजी जाएं। छोटी-छोटी नोटशीट्स भी ई-ऑफिस पर ही संचालित होंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-ऑफिस में नोटशीट लेखन, दस्तावेज संलग्न करना, फाइल बनाना और भेजना पूरी तरह समझें। किसी भी तकनीकी दिक्कत की स्थिति में एनआईसी या तकनीकी टीम से तुरंत मार्गदर्शन लें।



कलेक्टर ने कहा कि आगामी बैठक में एक समरी बनाकर यह समीक्षा की जाएगी कि कितनी फाइलें ई-ऑफिस प्रणाली से प्राप्त हुई हैं।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली शासन की पारदर्शी और सुगम प्रशासनिक कार्यप्रणाली का आधार है। सभी विभाग इसे प्राथमिकता से अपनाएं और अब से शासकीय पत्राचार केवल ई-ऑफिस माध्यम से ही करें। इससे कार्य संस्कृति में तेजी आएगी तथा जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी।

जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के तहत सभी विभाग कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। जनसहभागिता कार्यक्रमों की प्रतिभागियों की उपस्थिति पोर्टल पर दर्ज कराना आवश्यक है, जिसकी एंट्री 25वें सप्ताह तक पूरी कर ली जाए। जनसहभागिता कार्यक्रमों की एंट्री में आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए श्रीमती श्रीवास्तव ने एनआईसी टीम को एक डेमो प्रेजेंटेशन देने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### सामूहिक नृत्य में न्यू किरण डांस ग्रुप अव्वल

**जीजामगांव।** मुस्कान गणेश उत्सव समिति नवीन गातापार सिर्री एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सामूहिक डांस में प्रथम न्यू किरण डांस ग्रुप तर्रागोंदी, द्वितीय नृत्य डांस ग्रुप दुर्ग भिलाई, तृतीय अमर ज्योति डांस ग्रुप नवागांव रायपुर, चतुर्थ एचआर डांस ग्रुप रायपुर, पंचम आरआर डांस ग्रुप भेलवाकूदा, षष्ठम पुष्पांजलि डांस ग्रुप उड़ीसा रहे। इसी प्रकार युगल नृत्य में प्रथम चुरकी मुरकी पिथौरा महासमुंद, द्वितीय यादव ब्रदर्स नवागांव, तृतीय चंदा चकोर शिवरीनारायण, चतुर्थ रामलखन डांस ग्रुप पांडुका, पंचम राजनंदनी कोंडागांव बस्तर, एकल डांस में प्रथम नम्रता गोटी चारामा, द्वितीय लक्की यादव रायपुर, तृतीय सौम्या कोर्राम रायपुर, चतुर्थ सीमा साहू बलौदाबाजार, पंचम अंजलि दीवान रायपुर रहे। इस आयोजन में अध्यक्ष धनीराम साहू, उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, सचिव पारथसिंह कुंजाम, कोषाध्यक्ष गुलशन साहू, संरक्षक केशव साहू, धनंजय ध्रुव, सलाहकार गुमानसिंह साहू, रेखराम यादव, सहसचिव हेमंत साहू, खेमराज यादव सहित मुस्कान गणेश उत्सव समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

### सांसद पी. संतोष आज आएंगे कोण्डागांव प्रवास पर

**कोण्डागांव।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय नेता एवं राज्य सभा सदस्य केरल पी. संतोष कुमार 3 सितम्बर 2025 पहली बार कोण्डागांव जिले में पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सीपीआई जिला परिषद् के सचिव शैलेष ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि सांसद पी. संतोष कुमार का आगमन बुधवार को दोपहर बाद लगभग 2 बजे जिला मुख्यालय में होगा। राज्य प्रभारी के रूप में पहली बार जिले में आगमन की खबर से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। सीपीआई कार्यकर्ता उनका स्वागत सरहद ग्राम घोड़ागांव से करेंगे। मोटरसाइकिल रैली निकालते हुए लाल झण्डों के साथ जिला मुख्यालय तक लाएंगे। सांसद पी. संतोष कुमार 4 सितम्बर की दोपहर तक कोण्डागांव में रुकेंगे। प्रवास के दौरान वे सीपीआई जिला परिषद् सदस्यों की बैठक लेंगे। बैठक में पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ–साथ जिलेवासियों की गंभीर समस्याओं पर भी चर्चा की जाएगी। सीपीआई जिला परिषद् के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर यदि समय रहा तो सांसद जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से भी चर्चा कर सकते हैं। कोण्डागांव प्रवास के बाद कामरेड पी. संतोष कुमार 4 सितम्बर की दोपहर में नारायणपुर जिले के लिए रवाना होंगे।

### आपदा पीड़ितों के लिए अंशदान

**दंतेवाड़ा।** विगत सप्ताह अचानक आई बाढ़ से काफी घरों को नुकसान पहुंचा। इस प्राकृतिक आपदा को देखते हुए हाई स्कूल आवराभाटा प्राचार्य सुनीता गोस्वामी ने बचाव व राहत कार्य के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत को 21000 की राशि चेक स्वरूप प्रदान किया है। इस मौके पर कलेक्टर ने अंशदान सहयोग राशि के लिए श्रीमती गोस्वामी का जिला प्रशासन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

### लीलर में गौरव पथ के लिए 21 लाख स्वीकृत

**धमतरी।** ग्राम पंचायत लीलर में 21 लाख रुपए की लागत से गौरव पथ का निर्माण होगा। राशि स्वीकृत होने पर सरपंच व ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक ओंकार साहू का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि गौरव पथ बनने से गांव की सुंदरता और गरिमा में वृद्धि होगी तथा आम नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।

## निधन

### जामुन बाई कौशिक



**धमतरी।** रुद्री निवासी श्रीमती जामुन बाई कौशिक 54 साल का आकस्मिक निधन हो गया। वह पुष्पेंद्र कौशिक की माता थी। रुद्री मुक्तिधाम में उनकी अंत्येष्टि हुई।

---

बगदेही सोसाइटी में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

# आधुनिक कृषि तकनीक से अवगत हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बगदेही में किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया था। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक गुहनराम साहू थे। अध्यक्षता सभापति घनश्याम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि प्राधिकृत अधिकारी निराला साहू, नैनो इफको से योगेश साहू व समिति प्रबंधक अशोक यादव थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को ऋण, बीज, खाद और अन्य कृषि संबंधी इनपुट प्रदान करने के साथ उन्हें आधुनिक कृषि तकनीक, जोखिम प्रबंधन और कीटनाशक के सही उपयोग जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। बताया कि सरकार इन पैक्स को कम्प्यूटरीकृत कर रही है और उन्हें एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिससे किसानों को बेहतर वित्तीय और तकनीकी सहायता मिल सके। प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों के जोखिम संज्ञान को बढ़ाया जाता है, जो उन्हें अत्यधिक कीटनाशक उपयोग से बचने में मदद करता है। पैक्स किसानों को नई और आधुनिक कृषि तकनीक, बेहतर कृषि पद्धति और उत्पादन बढ़ाने के तरीके, किसानों को खेती से जुड़े जोखिमों जैसे मौसम संबंधी चुनौतियों या कीटों के प्रकोप के बारे में जानकारी दी गई ताकि वे प्रभावी ढंग से जोखिम का प्रबंधन कर सकें। कीटनाशकों के अति प्रयोग से जुड़े जोखिमों को समझाया गया। उनके सुरक्षित तथा संयमित उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। वहीं प्राधिकृत अधिकारी निराला सिंह साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह का पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के फायदे के बारे में किसानों के समक्ष रखा और कहा कि किसानों को फायदा देना चाहते हैं, उनका लाभ उठायें और सहकारी समिति में जुड़कर रहे। कार्यक्रम में किसानों को गमछा भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान कीर्ति साहू, नंदुराम साहू, कृष्णा निषाद, लीलागर निषाद, जागेंद्र साहू, लोकेश्वर पटेल, परमानंद यादव, उत्तम ध्रुव, जितेंद्र साहू, ईश्वरलाल साहू, खम्हन साहू, गजेंद्र साहू सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

## सिहावा क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने की शिक्षामंत्री से मुलाकात



**नगरी।** धमतरी में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य कमल डागा, विधानसभा सिहावा संयोजक नागेंद्र शुक्ला एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर दुबे ने मुलाकात की। भाजपा नेताओं ने मंत्री यादव को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया और संगठनात्मक गतिविधियों सहित क्षेत्रीय विकास पर चर्चा की।

## चंद्राकर समाज के पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



चंद्राकर समाज कुरूदराज अंतर्गत दहदहा परिक्षेत्र की बैठक हुई जिसमें ग्राम अछोटी, अटंग, दहदहा, भैसमुंडी, भोथली, सिवनीकला के समाजजन शामिल हुए। इस दौरान समाज के नवीन पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। पन्नालाल चंद्राकर अध्यक्ष, टोकेश्वर प्रसाद उपाध्यक्ष, रोशनलाल चंद्राकर सचिव, देवकुमार चंद्राकर कोषाध्यक्ष, अरुण चंद्राकर संगठन सचिव बनाए गए। महिला प्रतिनिधि में चित्ररेखा चंद्राकर, ममता चंद्राकर को चुना गया। पुरुष प्रतिनिधि में उमाकांत चंद्राकर, वासुदेव चंद्राकर, श्रीराम चंद्राकर, मानवेंद्र चंद्राकर, कृष्ण कुमार चंद्राकर का चयन सर्वसम्मति से किया गया। नवीन पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान में निरंतर कार्य करने और सामाजिक विकास को लेकर लगातार प्रयासरत रहने का संकल्प लिया। पदाधिकारियों के चयन पर टकेश्वर चंद्राकर सिवनीकला, प्रशांत चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, तेजेन्द्र चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, शिवचरण चंद्राकर, रूपेंद्र चंद्राकर, मिश्री चंद्राकर, देवचरण चंद्राकर, शत्रुहन चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर, भोला चंद्राकर, ओंकार चंद्राकर, थानेश्वर चंद्राकर, कश्तुक चंद्राकर, टिकेंद्र चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, गोपी चंद्राकर, शिवमंगल चंद्राकर, डा. शंकरलाल चंद्राकर ने हर्ष जताया है।

## शिक्षक दिवस पर नगरी विखं के कई शिक्षकों को मिलेगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शिक्षक दिवस पर नगरपालिक निगम सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण धमतरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर नगरी विकासखण्ड के अनेक शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

उत्कृष्ट प्रधानपाठक सम्मान महेंद्र कुमार बोरझा (मा. शाला बोड़रा), प्राथमिक विभाग खेमचंद पाटले (प्रा. शाला ठेमलीपारा), ज्ञानदीप पुरस्कार शशिकला बैरागी (प्रा. शाला बिरनपुर), दीक्षा सूर्यवंशी (प्रा. शाला रामनगर साकरा), रोहित कुमार देवांगन (प्रा. शाला डोमपदर), शिक्षादूत पुरस्कार चंद्रकिरण देवांगन (शि. एलबी बोकराबेड़ा) शिक्षा सेवा में सराहनीय योगदान अश्वनी कुमार बंधु (उमाशा घुटकेल), बीडी बैरागी (व्याख्याता एलबी शाउशा टांगापानी), कंचन साहू (प्रधानपाठक पीएम श्री नवागांव सांकरा), अजय देवांगन (सहा. शिक्षक, प्रा. शाला डोहलापारा), मुकेश कुमार चंद्राकर (सहा. शिक्षक, प्रा. शाला ठोठाझरिया), सुजीत कुमार देवांगन (प्रधानपाठक प्रा. शाला गायतापारा आमगांव), होरिलदास मानिकपुरी (सहा. शिक्षक, प्रा. शाला कुरमियां), संजय पटेल (प्रधान पाठक, प्रा. शाला गादुलबाहरा रिस.), पूनमचंद ठाकुर (शिक्षक, मा. शाला बटनहर्रा), कृष्ण कुमार कोटेन्द्र (सहा. शिक्षक, प्रा. शाला जामपानी), पीलूराम निषाद (सहा. शिक्षक, प्रा. शाला घुरावड़), श्रीमती जितेश्वरी साहू (प्रधानपाठक, प्रा. शाला बांधा), बलिहार सोरी (शिक्षक, मा. शाला गुहाननाला), संध्या साहू (प्रधानपाठक, प्रा. शाला अछोली), हुमलाल सिन्हा (खेल प्रशिक्षक हाय. से. सलोनी), लोकेश्वर ध्रुव (प्रधानपाठक, प्रा. शाला महमल्ला), डिगेश कुमार कश्यप (सहा. शिक्षक, एल.बी. प्रा. शाला बुढ़पारा), हुलास सूर्याकर (सहा. शिक्षक, प्रा. शाला दुर्गा चौक नगरी), इंदुलता वर्मा (प्रधानपाठक, प्रा. शाला पदमपुर शामिल है। इसके अतिरिक्त बोर्ड परीक्षा 2024-25 में शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले विद्यालयों के प्राचार्य भी सम्मानित किए जाएंगे। इनमें शासकीय हाईस्कूल बोराई, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजपुर, कन्या परिसर दुगली, बांसपानी एवं बगरूमनाला शामिल हैं।

## उमरगांव में ठाकुर जोहारनी पर्व मनाया गया



**नगरी।** उमरगांव में नवाखाई नंदा नवमी पर्व पर कृष्ण कुमार मारकोले के घर में ठाकुर जोहारनी का कार्यक्रम रखा गया। भोलेशंकर की पूजा की गई। पीआर कुंजाम एसडीओ एरिगेशन धमतरी उमरगांव ने समाजजनों को बड़ादेव के बारे में जानकारी दी। अध्यक्ष कृष्णा कुमार मार्कोले ने आदिवासी समाज को नंदा नवमी के बारे में बताया। यह जानकारी महेश अग्रवाल सामाजिक कार्यकर्ता ने दी।

## नवदुर्गा विजय एकादशी महोत्सव समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नवरात्र पर्व प्रारंभ होने वाला है। इसकी तैयारी हेतु पूर्व समिति को भंग कर नवीन समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से नवदुर्गा एवं विजय एकादशी महोत्सव समिति अध्यक्ष संतोष पटेल, उपाध्यक्ष भगत मनहरे, अरुण कश्यप, सचिव दिनेश निषाद, सहसचिव लोकेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष अभिनव अवस्थी, क्रीड़ा अध्यक्ष सुनील सिंहसार, मीडिया प्रभारी थरुण निषाद बने। इस अवसर पर ग्राम पटेल राजेश यदु, समिति के सदस्य प्रवीण गुप्ता, उदयराम कश्यप, लकेश पटेल, हरचंद पटेल, विजय निषाद, संजय सारथी, दुलेश्वर पटेल, राजेश पटेल, पिंकी यदु उपस्थित थे।

## रस्साकसी, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

- मटका फोड़ में खुशबू बनी विजेता, खेल दिवस पर हुई अनेक स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)





सीआईटी साइंस एंड कॉमर्स महाविद्यालय भेलवाडीह अभनपुर में खेल दिवस के अवसर पर रस्साकसी, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, गिलास बैलेंस दौड़, मटका फोड़ का आयोजन हुआ। रस्साकसी दौड़ में छात्र-छात्राओं के 4 समूह, चम्मच दौड़ में 18 प्रतिभागी, गिलास बैलेंस दौड़ में 20 प्रतिभागी, कुर्सी दौड़ में 24 प्रतिभागी तथा मटका फोड़ में 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रस्साकसी दौड़ में छात्राओं के समूह में से पीजीडीसीए तथा छात्रों के समूह में से बीएससी, बीकॉम और बीए समूह विजेता रहे। चम्मच दौड़ में प्रिया बीए तृतीय वर्ष प्रथम, रोशनी द्वितीय स्थान तथा छात्रों में मोरध्वज बीकॉम प्रथम सेमेस्टर प्रथम ,करण बीएससी प्रथम सेमेस्टर द्वितीय रहे। गिलास बैलेंस दौड़ में रेणुका बीएससी तृतीय वर्ष प्रथम, रोशनी बैस बीकॉम प्रथम सेमेस्टर द्वितीय तथा छात्रों में कृष्ण बीकॉम प्रथम सेमेस्टर प्रथम, चेतन बीकॉम फर्स्ट सेमेस्टर द्वितीय रहे। कुर्सी दौड़ में तनुजा यादव बीकॉम प्रथम सेमेस्टर प्रथम, रूचि बीएससी तृतीय वर्ष द्वितीय रहे। छात्रों में कृष्ण बीकॉम सेमेस्टर प्रथम, चंदन फर्स्ट सेमेस्टर द्वितीय रहे। मटका फोड़ में खुशबू पीजीडीसीए विजेता रही। प्राचार्य डॉ.लेखराज साहू ने छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। इस आयोजन में सहायक प्राध्यापक देवानंद चक्रधारी का योगदान रहा। निर्णायक सहायक प्राध्यापक चेमन लाल, मुकेश साहू, रेवेन्द्र साहू थे।

ग्रास रूट स्पोर्ट प्रोग्राम कार्यशाला में मिडिल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं हुए शामिल

# बच्चों के शारीरिक फिटनेस पर दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



प्रथम अरोरा शिक्षण केंद्र कुरुद में 4 दिवसीय ग्रासरूट स्पोर्ट प्रोग्राम कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें चयनित मिडिल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और गांव के फेलो (स्वयंसेवक) सहभागी हुए। यह वर्कशॉप दो-दो दिनों में सम्पन्न हुआ। पहले दो दिन मगरलोड और कुरुद विकासखंड के 37 शिक्षक और 38 फेलो, दूसरे दो दिन में नगरी और धमतरी विकासखंड के 20 शिक्षक एवं 37 फेलो (स्वयंसेवक) शामिल हुए।

दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के प्रशिक्षकों ने कक्षा 6वीं से 8वीं के बालक-बालिकाओं को खेल के महत्व, ग्रुप में खेल खेलना, वार्मअप करना, कोच की भूमिका, हाइट, वेट नापना आदि महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया। बच्चों में शारीरिक फिटनेस विकसित करना, जीवन कौशल का निर्माण, छात्रों का स्वास्थ्य उन्नत करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। शारीरिक कौशल एवं जीवन कौशल का विकास होगा। प्रत्येक विद्यालय की स्पोर्ट्स टीम बनेगी। प्रत्येक गांव में स्पोर्ट्स कल्चर का निर्माण होगा। स्कूल में छात्रों का स्वास्थ्य सुनिश्चित होगा। शिक्षक-शिक्षिकाएं बताए गए स्पोर्ट की सभी गतिविधियों को अपने-अपने स्कूलों में संचालन करने के लिए उत्सुकता दिखाएं। सभी को प्रमाण- पत्र प्रदान किया गया।

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से मोतीलाल देवांगन, आशीष व्यास, बीरेंद्र कुमार, हरेश साहू, चेतन यादव, श्रीमती ईश्वरी ठाकुर, ईश्वर साहू, उमेश निषाद, श्रीमती ललेश्वर साहू मौजूद थे।

## देवा जय गणेश देवा ...



**धमतरी :** श्री सिद्धि विनायक परिवार मठ मंदिर चौक बनियापारा धमतरी।

## गोबरा में गुड्डे-गुड्डी के स्वरूप में विराजे गणपति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

गांव से लेकर शहर में इन दिनों गणेश उत्सव की धूम है। विभिन्न समितियां गांव में विभिन्न जगहों पर विभिन्न स्वरूपों में गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना में लगी हुई हैं। ग्राम गोबरा में नवयुवक एकता समिति के सदस्य बजरंग चौक में गणेश जी की गुड्डे-गुड्डी की स्वरूप में मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

## राजपुर में गणेश उत्सव की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम राजपुर में श्री गणेश उत्सव की धूम है। तिरंगा चौक, टिकरापारा, बीचपारा, बढ़ईपारा, पुरानापारा, शीतला चौक, यात्रा प्रतीक्षालय, घरों में एवं चौक चौराहों में विघ्नहर्ता लंबोदर महाराज की मूर्ति स्थापना की गई है। भक्तगण सुबह शाम श्री गणेश जी की आरती विधि विधान से संपन्न करते हैं। अलग-अलग झांकियों में श्री गणेश भगवान की मूर्ति स्थापित की गई है।

तिरंगा चौक गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि चौक में भगवान गणेश जी मूर्ति स्थापित करते 25 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। भगवान गणेश को प्रसाद में खीरा, प्रसाद आदि का भोग लगाया जाता है।

## चटौद में शेड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम पंचायत चटौद में शेड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर खेमचंद सरपंच, डोमारसिंह पटेल, विसेलाल, टीकू साहू, ढालू साहू, प्रीतराम साहू, रमेश साहू, मोनेश साहू उपसरपंच समेत अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गांव की खुशहाली के लिए हुई कथा पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत मुजगहन में भगवान सत्यनारायण कथा का आयोजन गांव के ठाकुर देव के पास रखा गया। गांव की खुशहाली, फसल को कीटों के प्रकोप से बचाने की प्रार्थना की गई। यह पूजा हर वर्ष आयोजित की जाती है। मौके पर ग्राम पटेल भुवनलाल साहू, सरपंच होमेश्वर साहू, उपसरपंच जतिन साहू, रामदयाल साहू, अघनु साहू, नारायण सिन्हा, मेघवा सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा, रामकुमार साहू, रामप्रसाद, राजकुमार बैगा, नोहर, लेखराम, लालाराम, काशी राम, थानूराम उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अगरबत्ती फैक्ट्री में चोरी

**महासमुंद।** भलेसर रोड स्थित अगरबत्ती फैक्ट्री में हुई चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी निलेश कुमार पटेल ने बताया कि उसकी अगरबत्ती फैक्ट्री ग्राम भलेसर रोड कमल राईस मिल के सामने स्थित है। 23 अगस्त को दोपहर 3 बजे अपने फैक्ट्री जाकर देखा तो उसके सामने गेट का ताला टूटा हुआ था। फैक्ट्री के अंदर रखा पुरानी ईस्तमाली सामान 05 एजाज मशीन का मोटर, एक नग मिक्सर मशीन का मोटर, बंबू स्टिक, कलर पैकेट, स्टेबलाईजर, अगरबत्ती सेंट, 05 बेग जोश पाउडर, एक नग कैमरा चोरी हो गए थे। साथ ही 1 सितंबर को जब वह सुबह 10 बजे फैक्ट्री गया तो वहां लगा कैमरा, वाईफाई एवं डीवीआर सेट भी नहीं था। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** परसकोल रमनटोला में ऑटो की टक्कर से एक बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 3 निवासी लकेश्वर प्रसाद शर्मा पिता कृष्ण कुमार शर्मा 28 अगस्त की शाम किसी काम से अपनी मोटर सायकल बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 06 जीजेड 3609 में अपने दोस्त के पास रमनटोला गया था। काम खत्म करके वापस घर अयोध्या नगर आ रहा था, तभी परकोल रोड महावीर पार्क के सामने बरोंडा चौक महासमुंद से परसकोल की ओर जा रही बिना नंबर की इलेक्ट्रिक ऑटो के चालक हरिशंकर साहू निवासी कौंदकेरा ने अपने वाहन आटो को तेज गति, लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढंग चलाते सामने से बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे लकेश्वर गिरकर घायल हो गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मो. व्ही. एक्ट, 125(ए) , 281 बीएनएल के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में महिला से मारपीट करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रमशीला बाई यादव वार्ड नं 16 भाठापारा बम्हवनी ने बताया कि 1 सितंबर की दोपहर करीब 1.30 बजे उसके जेठ के लड़के खिलावन यादव, कमल यादव, मनोज यादव घर के सामने आए और गाली गलौज करने लगे। बाहर आकर जब गाली देने से मना किया तब पुरानी रंजिश को लेकर वे लोग जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296 , 3(5) , 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जिले में 1 से 7 सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर से प्राप्त कार्ययोजना अनुसार सभी के लिए शिक्षा पर केंद्रित योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप वित्त वर्ष 2022-27 के दौरान क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पांच घटक है, जिसमें बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल एवं सतत शिक्षा शामिल है। देशव्यापी कार्यक्रम में जनभागीदारी सुनिश्चित किए जाने एवं वातावरण निर्माण के लिए 01 से 07 सितंबर 2025 तक साक्षरता सप्ताह व 8 सितंबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाना है। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कमल नारायण चंद्राकर एवं नोडल अधिकारी उल्लास कार्यक्रम संपा बोस ने सभी विकासखंड नोडल अधिकारियों का समीक्षा बैठक आयोजित कर 01 से 08 सितंबर 2025 तक प्रति दिवस कार्यक्रम आयोजित कराने निर्देशित किया है।

मुस्लिम समाज में भारी उत्साह, मस्जिदों व घर-दुकानों को सजाया गया

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर पांच को निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

5 सितंबर को जश्ने ईद मिलादुन्नबी सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम मनाया जाएगा। इसे लेकर मुस्लिम समाज में भारी उत्साह है। मस्जिदों, मदरसों, घरों-दुकानों समेत प्रमुख स्थानों पर विशेष साज-सज्जा, बिजली झालर, बैनर एवं इस्लामी झंडे आदि लगाए गए हैं। इस दिन जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरी शानो शौकत के साथ निकाला जाएगा।

अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुस्तफा जाने रहमत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के यौमे विलादत के मुबारक मौके पर 5 सितंबर शुक्रवार को सुबह बाद नमाज फजर मु-ए-मुबारक शरीफ का गुस्ल, ज्यारत, सलातो सलाम व दुरूदख्वानी होगी। इस साल भी सुबह 10.30 बजे जामा मस्जिद से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकलेगा जो चमेली चौक, गोलबाजार, मकई चौक, रत्नाबांधा चौक, म्युनिस्पिल स्कूल, रिसाईपारा, बनियापारा, कचहरी चौक होते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंचेगा। यहां शहर की सभी मस्जिदों के इमाम और इस साल हज करने वालों के हाथों से परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। इसके बाद सलातो सलाम और दुआ की जाएगी। 5 सितंबर शुक्रवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाले जाने की वजह से सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज के वक्त में बदलाव किया गया है।

जामा मस्जिद में अजान 3 बजकर 10 मिनट पर और जमाअत 3.30 बजे होगी। अन्य सभी तीनों मस्जिदों मस्जिद हनफिया चमेली चौक, मस्जिद गरीब नवाज रिसाईपारा एवं मदीना मस्जिद नवागांव वार्ड में जुमे की अजान 2 बजकर 55 मिनट पर और जमाअत 3.15 बजे होगी। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जामा मस्जिद ग्राउंड में रात में 9.30 बजे से तकरीर हो रही है। बांदा उत्तर प्रदेश के मौलाना अनवार हुसैनी सुब्हानी मसऊदी की नूरानी तकरीर चल रही है जिसमें वे मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की जीवनी और उनके द्वारा पूरी दुनिया को दिए गए संदेश के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

# समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान की हुई शुरूआत

- नेत्र परीक्षण कर आवश्यकता वाले बच्चों को नि :शुल्क चश्मा दिया जायेगा

**नगरी।** स्कूली बच्चों में दृष्टि दोष शैक्षणिक उपलब्धि एवं जीवन की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इससे बच्चों का उचित विकास नहीं हो पाता। इसी कड़ी में राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम तथा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए 2 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिसके तहत मुख्य रूप से बच्चों का नेत्र परीक्षण कर 10 से 17 अक्टूबर के मध्य आवश्यकता वाले बच्चों को निःशुल्क चश्मा का वितरण किया जायेगा। विकासखंड नगरी में इस अभियान के सफलतापूर्वक सम्पादन के लिए 2 सितम्बर को सिविल अस्पताल नगरी में अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि बलजी छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी व विशिष्ट अतिथि शंकर देव सभापति स्वास्थ्य नपं नगरी, श्री निषाद सभापति लोक निर्माण विभाग थे। अतिथियों ने जनता को अपने बच्चों को नेत्र परीक्षण कराने के साथ नेत्रदान करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने भी स्वयं मौके पर अपने नेत्रदान करने की घोषणा करते हुए नेत्रदान प्रपत्र को भरकर अपनी सहमति पत्र स्वास्थ्य विभाग को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ एके नेताम बीएमओ नगरी ने अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। श्रीमती महेश्वरी ध्रुव एबीईओ ने अभियान के दरम्यान पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सदस्यों ने नेत्रदान के लिए नेत्र सहायक अधिकारियों का तिलक लगाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर उन्हें हरी झंडी दिखाकर फील्ड के लिए रवाना किया। कार्यक्रम के दरम्यान नेत्र सहायक अधिकारी योगेन्द्र बोरझा, राकेश साहू, हरिशंकर साहू, सुमति साहू उपस्थित थे।

# ताईक्वांडो चैंपियनशिप में धमतरी को तीन मेडल मिले



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ द्वारा अंबिकापुर में 21वीं छत्तीसगढ़ प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें धमतरी जिले के पांच खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। धमतरी से रेफरी विवेक मैत्रेय ने धमतरी का प्रतिनिधित्व किया ।

प्रतियोगिता में धमतरी जिले को तीन मेडल प्राप्त हुए। जूनियर वर्ग 78 प्लस किलोग्राम में निहाल सिंह अपने प्रतिद्वंदी आदित्य को हराकर फाइनल में पहुंचा एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया । जूनियर वर्ग के-45 किलोग्राम में रुद्र रामटेके ने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर सेमीफाइनल में स्थान बनाकर तृतीय स्थान व - 48 किलोग्राम में गुलशन साहू ने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच कर तृतीय प्राप्त कर ब्रांज मेडल पर कब्जा किया। प्रतियोगिता

# गायत्री परिवार ने पौधरोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जिला पंचायत धमतरी के वन स्थायी समिति के सभापति अजय ध्रुव के जन्म दिवस पर गायत्री परिवार इकाई के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गायत्री परिवार इकाई के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर पौधरोपण करते हुए भविष्य में उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार है। ऐसे सामूहिक प्रयासो से समाज और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण मिलेगा।



# बाल मेले में माताओं के लिए हुई बिंदी लगाओ, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता

- प्राथमिक शाला के बच्चों ने गीत एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तहत ग्राम खरेंगा में बाल मेला का आयोजन किया गया। यह मेला विशेष रूप से 0 से 3 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित था। इस अवसर पर 10 काउंटर लगाए गए, जिनमें पंजीकरण, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, सामाजिक विकास, पोषण आहार, टीकाकरण, खेल जगत, माता की सहायता तथा हाथों का कमाल जैसे काउंटर शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया गया। इसके बाद सभी माताओं का पुष्प व तिलक से स्वागत किया गया। सरपंच श्रीमती नीलम ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। इसी क्रम में प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा गीत एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी को उत्साह और आनंद से भर दिया।

इसके पश्चात मेला प्रारंभ हुआ, जहां सभी माताएं बारी-बारी से प्रत्येक काउंटर पर गईं और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हुईं। माताओं के साथ मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं जैसे बिंदी लगाओ और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता।

प्रथम संस्था द्वारा 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिसे सरपंच के हाथों माताओं को वितरित की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक कॉर्डिनेटर मोनिका सिन्हा, सुमन जैन, लुकेश्वरी वर्मा, पूजा कुलदीप, टीम लीडर राजकुमार यादव, एससीटीए चंद्रशेखर साहू मौजूद रहे।

# धीवर समाज ने छात्रावास व सभा भवन के लिए भूमि आवंटन की रखी मांग



- युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए महापौर को दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धीवर समाज महासभा धमतरी परगना के पदाधिकारियों ने मंगलवार को महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। इस दौरान समाज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एक ज्ञापन महापौर को सौंपते हुए छात्रावास एवं सभा भवन निर्माण के लिए शासकीय भूमि आवंटन की मांग रखी।

समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि छात्रावास और सभा भवन की सुविधा मिलने से समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा में प्रगति का अवसर मिलेगा तथा सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने आगामी प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन हेतु महापौर रामू रोहरा को औपचारिक आमंत्रण भी प्रदान किया। प्रतिनिधिमंडल में परमेश्वर फूटान, होरीलाल मत्स्यपाल, नर्मदा प्रसाद जगबेडहा, सोनू नाग, कृष्णा चंपालाल हिरवानी, कोमल सार्वा, दुर्गेश रिगरी, यशवंत कोसरिया, कीर्तन मीनपाल, निर्मल फूटान, प्रकाश धीवर और करण हिरवानी शामिल रहे। महापौर रामू रोहरा ने समाज की मांगों को पूरी गंभीरता से शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# योग आयोग अध्यक्ष से स्कूल में योग की शिक्षा को अनिवार्य करने की मांग

- गणेशराव रणसिंह के शोक कार्यक्रम एवं ज्ञानचंद लुनावत के यहां परिवार मिलन कार्यक्रम में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा धमतरी पहुंचे। वे गणेशराव रणसिंह के शोक कार्यक्रम एवं ज्ञानचंद लुनावत के यहां परिवार मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की। अध्यक्ष श्री सिन्हा ने जिला स्तर, मंडल स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का परिचय प्राप्त किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को जीवन में चार बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए जिसमें आसन, राशन, भाषन, शासन शामिल हैं। आसन के स्वयं आयोग अध्यक्ष हैं। आगे कहा कि जीवन में योग का बड़ा महत्व है। स्वस्थ रहने के लिए योग अवश्य करें। उन्होंने राशन के विषय में भी बताया कि राशन का अभिप्राय सात्विक खानपान से है। जैसा हमारा खान-पान होगा वैसा हमारा आचार व व्यवहार होगा।

उन्होंने भाषण पर कहा कि भाषण का अभिप्राय वाणी से है। संयमपूर्वक, धैर्य पूर्वक हमको अपनी वाणी का प्रयोग करना चाहिए। इसी वाणी के कारण इतिहास में महाभारत जैसे युद्ध की घटना हुई है। शासन पर बात करते हुए बताया कि शासन का अभिप्राय राजनीतिक शासन व्यवस्था न होकर अनुशासित जीवन से है। अनुशासित जीवन हमें समाज में सबसे अलग प्रदर्शित करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी और स्वयंसेवकों से भी संघ की गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि वह स्वयं भी धमतरी जिले में जिला प्रचारक के रूप में अपनी सेवा दी थी। अपने पुराने अनुभवों को भी स्वयंसेवकों के साथ साझा किया। स्वयंसेवकों ने योग आयोग के अध्यक्ष से आग्रह किया कि सप्ताह में एक बार स्कूल में योग की शिक्षा को अनिवार्य किया जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा श्रीमती रंजना साहू ने भी अपने विचार कार्यकर्ताओं के साथ साझा किए।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली सामाजिक एकता की शपथ



- हटकेशर ग्रामीण झिरिया साहू समाज के अध्यक्ष महेश बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

हटकेशर झिरिया साहू समाज में सामाजिक पदाधिकारियों का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। निर्वाचन नीलमणि साहू, केवल साहू, खेमलाल साहू ने संपन्न कराया। हटकेशर ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार थे। अध्यक्ष महेश साहू चुने गए। उपाध्यक्ष चित्रेश साहू, संगठन सचिव भूषण साहू, महिला उपाध्यक्ष कुलेश्वरी साहू, संगठन सचिव भगवती साहू को चुना गया। पदाधिकारियों को समाज के विकास में कार्य करने के लिए शपथ दिलाई गई।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने युवाओं की भागीदारी, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक एकता को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर जिला साहू समाज संगठन मंत्री गोपाकिशन साहू, संरक्षक महेश साहू, रमेश साहू, लालाराम साहू, चैनसिंह साहू, रामदयाल साहू, मुकेश साहू, देवेंद्र साहू, भगवती साहू, संतोषी साहू, दयावती साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

गाड़ा समाज द्वारा आयोजित नुआखाई कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

# विधायक ओंकार साहू ने दर्शक दीर्घा में बैठकर छत्तीसगढ़िया और उड़िया गीतों का आनंद लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विधायक ओंकार साहू गाड़ा समाज द्वारा गाड़ापारा में आयोजित नुआखाई कार्यक्रम में शामिल हुए और समाजजनों से मुलाकात कर दर्शक दीर्घा में बैठकर गाड़ा बाजा के साथ छत्तीसगढी और उड़िया गीतों का आनंद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नुआखाई पर्व हमारी समृद्ध कृषि परंपरा, श्रम संस्कृति और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों, अपनी मिट्टी और अपनी संस्कृति से जोड़ता है।



उन्होंने कहा कि गाड़ा समाज सदैव अपनी सादगी, मेहनतक और सामूहिक एकजुटता के लिए जाना जाता है। समाज का कार्य लोक परंपराओं को जीवित रखने में लगातार सराहनीय रही है। गाड़ा समाज अपनी सांस्कृतिक धरोहर को गर्व के साथ संजोए रखा है और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सतत प्रयास किया है

विधायक ने आगे साहू कि गाड़ा समाज की सांस्कृतिक पहचान में गाड़ा बाजा का विशेष महत्व है। यह केवल एक वाद्य यंत्र नहीं, बल्कि समाज की एकता, उमंग और गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। नुआखाई जैसे पर्वों, विवाह, उत्सव और मांगलिक अवसरों पर गाड़ा बाजा की गूंज समाज में उत्साह और ऊर्जा का संचार करती है। मौके पर सलीम रोकड़िया कोषाध्यक्ष जिला कांग्रेस, शास्त्री सोनवानी जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस, रामेश्वरी कोसरे पार्षद, सवीना अंजुम, संतोष जगत अध्यक्ष गाड़ा समाज, संतराम बघेल उपाध्यक्ष, चरण जगत सचिव, संदीप नागेश कोषाध्यक्ष, कमलनारायण जगत, कन्हैया नागेश, मुकेश नागेश, राकेश नागेश, सुनील जगत, संजय नेताम, ऋतुराज जगत, यशवंत जगत, अब्दुल हकीम, बल्लू बाघ, हरीश बाघ समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# बालकदास जयंती पर 300 पंथी कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



- गुरु बालकदास ने समाज को समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश दिया : कोमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पिनकापार में गुरु बालकदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतनामी समाज प्रदेश युवा प्रमुख कोमल संभाकर थे। जयंती अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में 300 से अधिक पंथी कलाकारों ने एक साथ मनमोहक प्रस्तुति देकर गुरु परंपरा का गौरव बढ़ाया। इस दौरान कोमल संभाकर ने कहा कि गुरु बालकदास ने समाज को समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश दिया। आज उनकी जयंती हमें उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देती है। युवाओं को चाहिए कि वे गुरुजनों के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में शिक्षा, एकता और जागरूकता को आगे बढ़ाएं। पंथी जैसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी पहचान और विरासत है। इन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। मौके पर हेमेश जांगड़े, अजीत महिपाल, राकेश बंजारे, सोहन बंजारे, नरेंद्र बंजारे सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।












# गणेश पंडालों में स्थापित मनोहारी झांकियां भक्तों को लुभा रही

## आमापारा में खाटूश्याम, मठमंदिर के पास मीरा का भजन, रामबाग में कृष्ण राधा की रासलीला का चित्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंचल में गणेशोत्सव की धूम है। सार्वजनिक स्थानों पर गणेश पंडाल बनाकर प्रतिमा स्थापित की गई है। आकर्षक झांकियां भक्तों का मन लुभा रही हैं। मनोहारी स्वरूप देखने शहर सहित दूरदराज के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। बुधवार को स्थापना के बाद दो तीन तक सजावट का दौर चला। तीसरे दिन सजावट का काम पूरा होने पर धमतरी में स्थापित स्थल झांकिया अपने आप में अनूठी है। शहर के सभी वार्डों सहित मुख्य मार्गों में 200 से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक रूप से गणेश प्रतिमा स्थापित है।

वहीं भक्तों द्वारा घरों में भी सामान्य व छोटी मूर्तियां स्थापित की गई है। रामबाग के पास कृष्ण राधा की रासलीला का जीवंत चित्रण किया गया है। आमापारा में खाटूश्याम का मंदिर स्थापित है। यहां भगवान श्यामजी, बालाजी, महालक्ष्मी की प्रतिमा रखी गई है। साइड में 10 फीट की आदमकद गणेशजी प्रतिमा है।

बनियातालाब में पाताल भैरवी, अमरटाकिज परिसर में धमतरी का राजा स्थापित है। 20 फीट ऊंची, 18 टन वजनी प्रतिमा को बाहर से मंगवाया गया है। अंबा चौक आमापारा में गणेश जी की बड़ी मूर्ति स्थापित है। टिकरापारा में अर्धनारेश्वर, मठमंदिर के पास भीखू सेठ की स्मृति में स्थापित गणेश झांकी प्रतिमा में मीरा का दरबार को दिखाया है जो चलित है।

सदर बाजार में तीन स्थानों पर बड़ी प्रतिमाएं स्थापित है। गोलाबीड़ी कारखाना में कामदेव का चित्रण किया गया है। कर्मा चौक, ब्रम्हचौक, गवर्नमेंट स्कूल के पास आकर्षक प्रतिमा, नयापारा वार्ड में पुष्पक विमान दिखाया गया है। इसके अलावा शहर के हर्रा गोदाम सहित सभी वार्डों में गणेश की बड़ी प्रतिमाएं स्थापित है। शाम 6 बजे से ही भक्त दर्शन के लिए पंडालों के पास पहुंच रहे हैं। पंडालों में अलग अलग स्वरूप में आकर्षक झांकियां स्थापित कर लाइट डेकोरेट किया गया है।

### तीन-चार स्थानों पर एआई की प्रतिकृति गणेश, सनातन का अपमान

शहर के तीन चार स्थानों पर गूगल एआई की प्रतिकृति को लेकर गणेश की प्रतिमा बनाई गई है जिसमें भगवान गणेश की नाक, कान व सूंड़ छोटी है या गायब है। दांत भी नहीं दिखाई गया है, जो सनातन धर्म का अपमान है। कुछ श्रद्धालु इसका विरोध करते हुए जिला प्रशासन, धार्मिक संगठन, छग शासन से शिकायत करने की तैयारी में है। इसकी फोटो, वीडियो तैयार कर प्रेस को भेजा है। जिला प्रशासन एवं धार्मिक संगठनों को इस बारे में संज्ञान लेना चाहिए। संबंधितों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

# शहर में 12 सड़कों का होगा नवनिर्माण एवं सुदृढ़ीकरण

- लोक निर्माण विभाग ने दिया 29 करोड़ का प्रस्ताव
- शहर के यातायात तंत्र में बड़ा बदलाव दिखाई देगा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहरवासियों को शीघ्र ही आवागमन की और अधिक सुगम सुविधाएं मिलने जा रही हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने लोक निर्माण विभाग को शहर के लिए नवीन सड़क निर्माण का नक्शा और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में विभाग द्वारा 12 विभिन्न मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं नवनिर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है जिनकी कुल लंबाई 23 किलोमीटर होगी। इस स्वीकृति के तहत शहर के मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्लों और बस्तियों को जोड़ने वाले आंतरिक मार्गों तक सड़क निर्माण का कार्य होगा। प्रस्तावित परियोजनाओं में अमलतास कॉलोनी से पॉलीटेक्निक कॉलेज कलेक्टोरेट मार्ग, श्यामतराई से भटगांव मार्ग, रूद्रेश्वर मंदिर से नहर किनारे के मार्ग, रूद्री बराज से राज्य मार्ग तक तथा रूद्रेश्वर मंदिर से करेठा गांव होते हुए राज्य मार्ग तक बीटी सड़क का निर्माण शामिल है।

प्रस्ताव में सीसी सड़क निर्माण कार्यों में भी शहर को बड़ी सौगात मिली है। इसके अंतर्गत बेंद्रानवागांव चौक से नहर तक पुलिस ग्राउंड मार्ग, डाक बंगला मुक्तिधाम से पंचवटी कॉलोनी मार्ग, दानीटोला स्कूल चौक से कन्या महाविद्यालय होते हुए सीताकुंड मार्ग, कन्या महाविद्यालय से दुलारी नगर स्ट्रीट, जलविहार कॉलोनी की विभिन्न गलियों तथा जोधापुर गौठान से पंचवटी कॉलेज मार्ग को शामिल किया गया है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रस्तावित नक्शे का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही जल्द शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि धमतरी शहर तेजी से विकास की ओर अग्रसर है और सड़क जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार नागरिकों को आधुनिक शहरी सुविधाएँ उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त करेगा। शहर की आंतरिक गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक निर्माण कार्य होने से व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच आसान होगी। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि निर्माण कार्य के दौरान कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि निर्माण कार्य के दौरान असुविधा होने पर सहयोग दें ताकि कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हो सके। शासन और प्रशासन की प्राथमिकता है कि सड़कें टिकाऊ, मजबूत और दीर्घकालिक हों, जिससे आने वाले वर्षों तक शहरवासी लाभान्वित हो सकें। प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने पर लगभग सभी प्रमुख मार्ग आपस में जुड़ जाएंगे और शहर के यातायात तंत्र में बड़ा बदलाव दिखाई देगा। यह कदम न केवल शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा बल्कि नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर की ओर भी अग्रसर करेगा।

# कांटा तालाब में 196.27 लाख से बनेगी चौपाटी

धमतरीवासियों को मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राज्य शासन ने नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत कांटा तालाब में चौपाटी निर्माण हेतु 196.27 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं मेयर-इन-कौंसिल नियम 1998 के तहत दी गई है।

इस चौपाटी निर्माण से कांटा तालाब का न केवल सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि शहरवासियों को मनोरंजन, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए एक नया भव्य स्थल भी उपलब्ध होगा। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि जबसे उन्हें नगर निगम की कमान सौंपी गई है, धमतरी को निरंतर विकास की सौगातें मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि एक करोड़ छियानबे लाख रुपये की स्वीकृति के साथ ही कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है। सभापति कौशल्या देवांगन, विजय मोटवानी, नरेन्द्र रोहरा, निलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर, पिंटू यादव, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, श्यामलाल नेताम, तल्लीनपुरी गोस्वामी, हेमन्त बंजारे, कुलेश सोनी, अज्जु देशलहरे, राकेश चंदवानी, नम्रता पवार, चन्द्रभागा साहू, अनीता अग्रवाल, संतोष सोनकर, मेघराज ठाकुर, संजय देवांगन, भारती साहू, आशा लोधी, शैलेश रजक, ईश्वर सोनकर, कोमल सार्वा, गजेंद्र कंवर, सतीश पवार ने इस प्रशासकीय स्वीकृति को धमतरी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि माना है। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि धमतरी की सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊंचाई मिलेगी।

# बस स्टैंड के व्यापारियों ने दुकानों के सामने अघोषित पार्किंग बनाने का किया विरोध

महापौर से मिलकर वाहनों को नियत स्थानों पर खड़ा करवाने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बस स्टैंड के व्यापारियों ने उनकी दुकानों के सामने वाहनों को खड़ा करने पर विरोध जताया है। मंगलवार को महापौर से मिलकर त्वरित निदान करने का आग्रह किया है। व्यापारी बालमुकुंद, लक्ष्मण साहू, राजेश जैन, प्रदीप सिन्हा, दीपक पटेल, भागवत साहू, दिनेश वाधवानी, रामप्रसाद सिन्हा, रितेश कुमार आदि ने बताया कि निगम द्वारा निर्मित दुकानों के सामने दिनभर बसें खड़ी रहती हैं, जिसकी वजह से दुकानों में ग्राहक नहीं आ पाता। मार्ग बंद होने से ग्राहक दूसरे क्षेत्र में चला जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। बसों को हटाने के लिए कहने पर चालक-परिचालक विवाद करते हैं। वर्ष 2014 में तत्कालीन कलेक्टर भीम सिंह ने आदेशित किया था कि बसों को रात में हेल्टिंग के दौरान पुराना मंडी परिसर में खड़ा करना है। पुनः बस स्टैंड आकर सवारी भरने कहा गया था लेकिन वर्तमान में इसका पालन नहीं हो रहा है। रात्रि में बसें दुकानों के सामने खड़ी हो जाती हैं। दिन में सवारी बिठाने बसों की लंबी लाइन दुकानों के सामने होती है। व्यापारियों ने बसों को तत्काल हटाने आदेश पारित करने का आग्रह किया है।

# उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के रेंगाडीह परिसर में दो हाथी कर रहे विचरण

ग्रामीणों को किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



धमतरी वन मंडल अंतर्गत उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के रेंगाडीह परिसर में दो हाथियों की उपस्थिति दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार ये हाथी कक्ष क्रमांक 20 से लगे ग्राम परसाबुड़ा के खेत-खलिहान क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं।

वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक किसी भी प्रकार की मकान या जनहानि की सूचना नहीं है, हालांकि फसल नुकसान की जानकारी प्राप्त हुई है। ग्रामीणों की सुरक्षा के मद्देनज़र कोरंगांव (कण्डबरा), रेंगाडीह, परसाबुड़ा (कमारपारा), हथबंध और जलकुंभी ग्रामों को अलर्ट जारी किया गया है। हाथी दल की निगरानी के लिए वन अमला लगातार सक्रिय है। इस दौरान दल प्रमुख प्रेमलाल लहरे एससीएफओ, दल सहायक हरीश कुमार दुबे बीएफओ, प्रभुराम कंवर बीएफओ के नेतृत्व में सुरक्षा श्रमिकों एवं वाहन दल की तैनाती की गई है। वन विभाग ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि कोई भी जंगल की ओर न जाएं, सतर्क और सुरक्षित रहें तथा हाथी दिखने पर तुरंत नजदीकी वनकर्मी को सूचित करें।




# श्री रामदेव बाबा जन्मोत्सव की धूम, आज निकलेगी शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्थानीय इतवारी बाजार गौरव रोड पथ में स्थित श्री रामदेव बाबा मंदिर परिसर में समिति की ओर से श्री रामदेव बाबा जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 25 अगस्त को प्रभातफेरी, अखंड ज्योत, भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। प्रतिदिन हवन पूजन, आरती 56 भोग, भंडारा, प्रसादी, भजन संध्या के कार्यक्रम हो रहे हैं। तीन सितंबर की शाम चार बजे शोभायात्रा निकलेगी।

शाम छह बजे मकई चौक में महाआरती, शाम साढ़े सात बजे मंदिर में आरती होगी। महाराज राजेंद्र पांडे की अगुवाई में हवन हुआ। मौके पर प्रकाश शर्मा, नरेश बरडिया, हुकुम गोलछा, दीनू सोनी, जनार्दन सोनी, हरिश सोनी, महेंद्र खंडेलवाल, राजकुमार जैन, कुशाल चंद पिंचा, वीरेंद्र गोलछा, दीपक चोपड़ा, नंदू जसवानी, आशीष शर्मा, रवि शर्मा, नरेंद्र खंडेलवाल, तरुण सोनी, ऊषा लोढ़ा, सकल सोनी शामिल हुए।

# भखारा में डीजे डांस स्पर्धा 4 को



**अंवरी।** जय बजरंग गणेशोत्स्व समिति के तत्वावधान में बजरंग चौक नगर पंचायत भखारा में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 4 सितम्बर को किया जा रहा है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 15001 रूपये, द्वितीय 10001 एवं तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये रखा गया है। एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय 3001 एवं तृतीय पुरस्कार 1501 रूपये है। प्रवेश शुल्क सामूहिक में 501 रूपये एवं एकल में 201 रूपये रखा गया है। तैयारी में नितिन साहू, रोहित साहू, वेदांत साहू एवं तुषार साहू जुटे हैं।



